## सुलतानपुर में औद्योगिक विकास ने पकड़ी रफ्तार

# विकास का नया दौर, नौकरियों की बहार

■ आशीष कुमार त्रिपाठी, सुलतानपुर

**₹3,339.16 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले 559 MoU से** | **150 औद्योगिक इकाइयों का हुआ भूमि पूजन** | **73 इकाइयों से शुरू हुआ उत्पादन**

जिले में औद्योगिक विकास का पहिया रफ्तार पकड़ रहा है। बेहतर औद्योगिक वातावरण मिलने पर जिले में उद्यमी निवेश बढ़ा रहे हैं जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। समाप्त हुई वित्तीय वर्ष के फरवरी महीने के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4) में जिले में कुल 559 एमओयू (MOU) के माध्यम से 3,339.16 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आए। bनसे लगभग 22, 480 लोगों को रोजगार मिलेगा।

उद्योग विभाग ने जिन निवेशकों के पास भूमि उपलब्ध थी ऐसे 150 एमओयू वाले 922.16 करोड़ निवेश मूल्य की इकाइयों का भूमि पूजन कर उनके स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दिया। इन 150 औद्योगिक इकाइयों से लगभग 6, 540 लोगों को रोजगार मिलेगा। जिनमे से अबतक 73 इकाई ने उत्पादन कार्य शुरू कर दिया है। जिले में लक्ष्मणपुर पयागीपुर, बनरहा कुरेभार, और बुद्धाना कादीपुर सहित 3 मिनी औद्योगिक क्षेत्र हैं। इनमें लक्ष्मणपुर पयागीपुर मिनी औद्योगिक क्षेत्र में 91 करोड़ के 5 उद्यम, बनरहा कुरेभार में 50 करोड़ निवेश का 1 उद्यम और बुद्धाना कादीपुर में 4 करोड़ के 2 उद्यम ने कार्य करना शुरू कर दिया है।




"रियायती दरों में उत्पादन व सेवा क्षेत्र के उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराकर उद्योगों को शुरू करने में पूंजी प्रबंधन कराया जाता है और उद्यमियों को प्रशिक्षण देकर उनके कौशल में वृद्धि की जाती है। –नेहा सिंह, उपायुक्त उद्योग

"युवा उद्यमियों को बढ़ावा दिया जा रहा है और बैंको को निर्देश दिए गए है कि उद्योग स्थापना मे पूंजी की कमी ना होने पाए। जिले में सकारात्मक औद्योगिक वातावरण तैयार किया जा रहा है। - अंकुर कौशिक, CDO